आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.11.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वंदे मातरम के एक सौ इक्यावन वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। नागरिकों से 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना को कायम रखने का आग्रह किया।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल में एथेनॉल की अधिक मात्रा के दावों का खंडन किया। कहा– ई–20 पेट्रोल, भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के अनुरूप।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज संपन्न हुई।
- दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यलय और शहीद द्वीप पुलिस स्टेशन में जन सुनवाई का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के एक सौ इक्यावन वर्ष पूरे होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् देशभक्तों के लिए साहस, एकता और संकल्प का नारा बना था। उन्होंने कहा कि आज भी यह राष्ट्रीय पहचान, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने नागरिकों से वंदे मातरम् में निहित राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाने और देश को मजबूत बनाने तथा उसकी प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया। श्री ओम बिरला ने वंदे मातरम् को देश की राष्ट्रीय चेतना, आत्मसम्मान और एकता का प्रतीक बताया।

<><><><><><><><>

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस दावे को खारिज किया है कि पेट्रोल में जरूरत से ज्यादा एथेनॉल मिलायी जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कंपनियों द्वारा आपूर्ति की जा रहा ई–20 पेट्रोल निर्धारत गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है।

इससे पहले तीनों सरकारी तेल कंपनियों – इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी यह स्पष्ट किया था कि उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ई–20 पेट्रोल एथेनॉल मिश्रित मोटर गैसोलीन के लिए निर्धारित मानदंड के अनुरूप है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में आज शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए छात्र परिषद चुनाव आयोजित किए गए। यह चुनाव प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार की उपस्थिति में और जेएनआरएम के जूलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विवेक कुमार साहू की देखरेख में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष तौफीक खान, उपाध्यक्ष ज्योति मिंज, महासचिव कविनेत्रा के. और खेल सचिव के. संतोष चुने गए।

इसी प्रकार जेएनआरएम में भी शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए आज कॉलेज छात्र परिषद चुनाव आयोजित किए गए। जिसमें अध्यक्ष संजय मणि, उपाध्यक्ष प्रिया बेरा और महासचिव रितेश दास चुने गए। नवनिर्वाचित प्रतिनिधि छात्र समुदाय का प्रतिनिधित्व करने, शैक्षणिक और पाठ्य गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने और टीम वर्क करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने दीवाली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरे जिले में बहुस्तरीय सुरक्षा तैयार की है। सभी पुलिस थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, व्यापार मंडलों, धार्मिक नेताओं और प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया और त्योहारो के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पूर्ण समर्थन व सहयोग का आश्वासन दिया। बाजारों, आवासीय इलाकों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में मोबाइल गश्त की जा रही है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित "द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्रों की तटीय एवं समुद्री जैव विविधता" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज संपन्न हुई।

यह कार्यशाला 5 से 7 नवंबर तक भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की "पर्यावरण ज्ञान एवं क्षमता निर्माण" पहल के अंतर्गत अन्य सेवाओं के वर्ग–II एवं III के कार्मिकों के लिए आयोजित की गई थी। समापन समारोह में अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. वी. नागेंद्र सरमा मुख्य अतिथि तथा पर्यावरण एवं वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक, डॉ. एस. दिनेश कन्नन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनमें अंडमान एवं निकोबार पुलिस, भारतीय तटरक्षक बल, सीआईएसएफ, अंडमान एवं निकोबार कमान, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, ग्रामीण विकास, नौवहन सेवाओं, मत्स्य सर्वेक्षण, शिक्षा तथा अन्य सरकारी विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे। मुख्य अतिथि डॉ. नागेंद्र सरमा ने अपने संबोधन में कहा कि जैव विविधता संरक्षण सभी विभागों और समाज की साझा जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. दिनेश कन्नन ने कहा कि समुद्री जैव विविधता का संरक्षण केवल वन विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

<><><><><><><>

इससे पूर्व, डॉ. सी. शिवपेरुमन, वैज्ञानिक–एफ, प्रभारी अधिकारी एवं पाठ्यक्रम निदेशक, जेडएसआई, ने अपने संबोधन में द्वीपसमूह की समृद्ध जैव विविधता और उसके संरक्षण में अंतर–विभागीय समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल के निर्देशानुसार, श्री विजयपुरम में आज दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यलय में और कल शहीद द्वीप पुलिस स्टेशन में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम से नागरिकों को प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायते और सुझाव रखने का सीधा मंच प्रदान किया जाता है। श्री विजयपुरम में आयोजित जन सुनवाई के दौरान दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। उन्होंने नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच करने का आश्वासन दिया।

वहीं शहीद द्वीप में एस डी पी ओ स्वराज द्वीप द्वारा जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान आम जनता और पंचायती राज संस्था के सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए। एस डी पी ओ ने उनके शिकायतों का उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। इस बीच एस डी पी ओ ने अपराजिता आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों से भी बातचीत की। प्रतिभागियों ने स्कूली छात्राओं के लिए पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की।

<><><><><><><>

श्री श्री सर्वजनिन काली पूजा समिति भातूबस्ती की ओर से कल से ग्यारह नवम्बर तक काली पूजा का आयोजन करने जा रहा है। इस अवसर पर द्वीप समूह के सांसद बिष्णू पद रे शाम छ बजे पूजा पंडाल का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान नौ नवम्बर को शाम छ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दस नवम्बर को संध्या छ बजे से महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पूजा समिति ने सभी द्वीपवासियों को इस अवसर पर सादर आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण, एसटीसी श्री विजयपुरम की ओर से रोइंग, कयाकिंग एवं कैनोइंग तथा फुटबॉल में आवासीय प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए 15 नवंबर को सुबह 9 बजे नेताजी स्टेडियम स्थित साई एसटीसी में चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इस ट्रायल में 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। चयन का उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें व्यवासायिक खेल प्रशिक्षण का अवसर देना है। चयनित खिलाड़ियों को साई की आवासीय योजना के तहत निःशुल्क रहने और खाने की सुविधा, खेल किट, प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर, शिक्षा संबंधी खर्च तथा चिकित्सा बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले तथा प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए साई एसटीसी के ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी है। मंत्रालय ने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से पहले विद्यार्थियों को पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन यानी ओटीआर पूरा करना होगा। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को हर साल 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। पहले से आवेदन कर चुके विद्यार्थियों को अपने आवेदन का सत्यापन 30 नवंबर तक संस्थान स्तर पर और 15 दिसंबर तक जिला स्तर पर कराना होगा। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत हर साल कक्षा नौ के पात्र विद्यार्थियों को एक लाख नई छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। योजना के अंतर्गत विद्यार्थी कक्षा आठ के बाद कक्षा 12 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं।

<><><><><><><>